


**एक नजर में**



## पुलिस लाइन में तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र कार्यक्रम

**छतरपुर,19 दिसंबर.** पुलिस लाइन छतरपुर में आयोजित होने वाले 'तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र' कार्यक्रम की तैयारियों का शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने निरीक्षण किया. यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 21 दिसंबर 2025 को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जिले के सभी थानों एवं पुलिस इकाइयों में आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, तनाव प्रबंधन को बढ़ावा देना, कार्यक्षमता में सुधार लाना तथा सकारात्मक सोच और एकाग्रता का विकास करना है, ताकि पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें. इसी क्रम में मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस लाइन छतरपुर परिसर में तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एसपी ने उपस्थिति रजिस्टर के समुचित संधारण की जांच की, जिसमें पुलिस कर्मियों का नाम, मोबाइल नंबर, हार्टफुलनेस प्रशिक्षक एवं वॉलिंटियर के हस्ताक्षर दर्ज किए जाने के निर्देश दिए. इसके साथ ही उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ने की व्यवस्था, हार्टफुलनेस संस्था के प्रतिनिधियों से बेहतर समन्वय तथा कार्यक्रम के नियमित, अनुशासित और प्रभावी संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. बताया कि ध्यान कार्यक्रम जिले के समस्त थानों में आयोजित किया जाएगा. प्रत्येक थाना स्तर पर पुलिस कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं, जो कार्यक्रम के संचालन और सहभागिता सुनिश्चित करेंगे. कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था कोऑर्डिनेटर, पुलिस कोऑर्डिनेटर, पुलिस कर्मी एवं वॉलिंटियर उपस्थित रहे.

## फोरलेन पर अवैध देशी कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार




**छतरपुर ,19 दिसंबर.** झांसी-खजुराहो फोरलेन हाईवे पर कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. यह कार्रवाई फोरलेन हाईवे पर स्थित प्रतीक्षालय के पास की गई, जहां संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर पुलिस टीम सतर्क हुई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात्रि गश्त के दौरान कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि फोरलेन हाईवे क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा. तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया. पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान दीपेंद्र उर्फ डीपी ठाकुर, निवासी सीताराम कॉलोनी, छतरपुर के रूप में हुई है. कोतवाली पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी बताया जा रहा है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है. आरोपी के पास अवैध हथियार होना कानून-व्यवस्था के लिहाज से गंभीर मामला माना जा रहा है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी हथियार लेकर फोरलेन हाईवे क्षेत्र में किस उद्देश्य से मौजूद था और क्या इसके पीछे किसी संगठित गिरोह का हाथ है. इस संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा 19 दिसंबर को दोपहर करीब 1:30 बजे जानकारी दी गई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी.

## क्रिकेट स्पर्धा : तीन रन से छतरपुर ने पन्ना को हराया



**छतरपुर,19 दिसंबर.** म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर सत्र 2025-26 के अंतर्गत महिला एवं पुरुष संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन अग्रणी शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय द्वारा साई एकेडमी में किया गया. क्रीड़ा प्रभारी प्रो. बी.के. प्रजापति ने बताया कि महिला संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 13 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित की गई, जिसके आधार पर छतरपुर जिले से संभाग की महिला टीम का गठन किया गया. वीरेंद्र कुमार सोनी ने जानकारी दी कि पुरुष संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 15 से 18 दिसंबर 2025 के बीच संपन्न हुई. प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. एच.डी. अहिरवार ने किया. उसी दिन लीग मैच टीकमगढ़ और सागर के बीच खेला गया, जिसमें टीकमगढ़ विजेता रहा. 16 दिसंबर को पन्ना और टीकमगढ़ के बीच सेमीफाइनल हुआ, जिसमें पन्ना ने जीत दर्ज की. 17 दिसंबर को दूसरे सेमीफाइनल में छतरपुर ने निवाड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया. फाइनल मुकाबला छतरपुर और पन्ना जिले के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए छतरपुर ने 130 रन बनाए. जवाब में पन्ना की टीम 127 रन ही बना सकी और छतरपुर ने तीन रन से रोमांचक जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा निदेशक एम.सी.बी.यू. डॉ. वी.पी. सिंह गौर रहे. उन्होंने खेलों को जीवन का अहम हिस्सा बताया. विशिष्ट अतिथि डॉ. एन.पी. प्रजापति ने क्रिकेट में उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला. आयोजन में साई एकेडमी सहित कई शिक्षकों, अधिकारियों और खिलाड़ियों की उपस्थिति रही.

## सांदीपनि के विद्यार्थियों ने किया गुजरात शैक्षणिक भ्रमण

**बुदनी.** शासकीय सांदीपनि विद्यालय सहित जिले के समस्त सांदीपनि विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट शिक्षकों को गुजरात शैक्षणिक भ्रमण का अवसर प्रदान किया गया. यह भ्रमण लोक शिक्षण संचालनालय की संयुक्त संचालक संगीता ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ. इस दौरान सोमनाथ मंदिर, आईआईएम अहमदाबाद, साबरमती आश्रम, साइंस सिटी, अक्षरधाम मंदिर, अमूल डेयरी आनंद, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी तथा सरदार सरोवर बांध सहित प्रमुख शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया गया. शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुदनी से उच्च शिक्षिका अनुपमा दुबे तथा कक्षा 10वीं के विद्यार्थी सुंधाशु पटेल एवं नैनसी कीर को भ्रमण हेतु चयनित किया गया. जिले के दल का नेतृत्व अनुपमा दुबे एवं दल प्रभारी प्राचार्य हरीश बारिया ने किया. भ्रमण से लौटने पर अधिकारियों तथा विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया गया.

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला

### शांतिपूर्ण हुए चुनाव




**छतरपुर , 19 दिसंबर. जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव शुक्रवार को कचहरी परिसर में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो गए. इस बार संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव सहित विभिन्न पदों के लिए चुनाव कराए गए.**

सुबह 10 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 5 बजे तक चला, जिसमें अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुल 934 अधिवक्ताओं ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया. पूरे दिन कचहरी परिसर में चुनावी माहौल बना रहा और अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली.

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद को लेकर इस बार कड़ा और रोचक मुकाबला देखने को मिला. अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे प्रत्याशियों में नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, शिवप्रताप सिंह चौहान (रिशु), कुशवाहा रामनारायण, राकेश कुमार दीक्षित, नरेंद्र कुमार खरे, मनोज कुमार व्यास और विनोद कुमार दीक्षित उर्फ गुड्डू शामिल हैं.

**घोड़े पर सवार होकर पहुंचे वकील बने आकर्षण**

चुनाव के दौरान उस समय सबका ध्यान आकर्षित हुआ, जब कुछ अधिवक्ता घोड़े पर सवार होकर मतदान करने पहुंचे. यह अनोखा दृश्य कचहरी परिसर में चर्चा का विषय बन गया. इसे देखने के लिए न सिर्फ अधिवक्ताओं बल्कि आम लोगों की भी भीड़ जमा हो गई. मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना की तैयारी कर ली गई है. सभी प्रत्याशियों की जीत-हार का फैसला आज शनिवार को मतगणना के बाद सामने आएगा, जिसके साथ ही जिला अधिवक्ता संघ को नई कार्यकारिणी मिल जाएगी.

इसके अलावा उपाध्यक्ष और सचिव पदों पर भी उम्मीदवारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, जिससे चुनाव को लेकर पूरे दिन चर्चा बनी रही.

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम:** चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कचहरी परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था. चुनाव अधिकारियों द्वारा पूरी प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी गई. किसी भी तरह की अव्यवस्था या विवाद से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया.

## आपसी विवाद में युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बुधनी.** नगर के ट्राइडेंट क्षेत्र में बीती रात आपसी विवाद के चलते एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है. इससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. ट्राइडेंट क्षेत्र स्थित एक ढाबे पर दो पक्षों के बीच किसी बात पर कहासुनी हुई, जो मारपीट में बदल गई. विवाद के दौरान चार युवकों ने युवक के साथ मारपीट की. जान बचाने के लिए युवक वहां से भागकर एक पेट्रोल पंप पहुंचा, जहां उसके साथ दोबारा मारपीट की गई. पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना कैद हो गई है. पेट्रोल पंप संचालक द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची.



## नारायणपुरा के ग्रामीणों के वोटर लिस्ट से नाम गायब

**कलेक्ट्रेट में दिया आवेदन, की जांच की मांग**

**छतरपुर नगर , 19 दिसंबर. ओरछा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नारायणपुरा के ग्रामीणों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने की समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा.**

दोपहर करीब 1 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी आपत्ति दर्ज कराई. ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के लगभग डेढ़ सौ पात्र नागरिकों के नाम वर्तमान मतदाता सूची से गायब हैं, जिसके कारण वे मतदान जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं. ग्रामीणों ने बताया कि अधिकांश लोग लंबे समय से गांव में निवासरत हैं और पूर्व में भी मतदान कर चुके हैं, बावजूद इसके इस बार उनके नाम सूची में नहीं हैं.

ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी संबंधित विभाग और अधिकारियों को जानकारी दी गई थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया. बार-बार आवेदन देने के बाद भी मतदाता सूची में नाम नहीं जोड़े जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है. उनका मानना है कि यदि समय रहते नाम नहीं जोड़े गए, तो आगामी चुनावों में बड़ी संख्या में लोग वोट डालने से वंचित रह जाएंगे.

ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में दिए आवेदन के माध्यम से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में तत्काल जोड़े जाएं. उन्होंने यह भी आग्रह किया कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो, ताकि किसी भी नागरिक को अपने मताधिकार से वंचित न होना पड़े. प्रशासन की ओर से ग्रामीणों का आवेदन स्वीकार कर लिया गया है.अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और योग्य मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी.

# करोड़ों की सरकारी जमीन पर अवैध दुकानें

### भू-माफियाओं का बड़ा खेल



**छतरपुर,19 दिसंबर. जिले में भू-माफियाओं की गतिविधियां एक बार फिर प्रशासन के लिए चुनौती बनती नजर आ रही हैं.**

मेडिकल कॉलेज के पास स्थित कैंडी ब्रिज क्षेत्र में करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है. आरोप है कि सरकारी जमीन और नाले पर कब्जा कर रातों-रात दुकानें खड़ी की जा रही हैं. जानकारी के अनुसार, इस क्षेत्र में स्थित शासकीय नाले और उससे लगी जमीन पर अवैध रूप से मिट्टी भराव (फिलिंग) कर पक्के निर्माण किए जा रहे हैं. यह पूरा कार्य बेहद योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है, ताकि प्रशासन की नजरों से बचा जा सके. स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में सामान्य गतिविधि दिखाई देती है, जबकि रात के समय तेजी से निर्माण कार्य किया जाता है.

**आईपीएल सट्टे की कमाई से निर्माण का आरोप:** सूत्रों के मुताबिक, इन अवैध दुकानों के निर्माण में आईपीएल सट्टे से अर्जित अवैध धन का उपयोग किए जाने का आरोप है. बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में छतरपुर के एक बड़े सट्टेबाज की भूमिका सामने आ रही है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है. यदि यह आरोप सही साबित होते हैं, तो यह केवल अवैध कब्जे का नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक अपराध का मामला बन सकता है.

**करोड़ों की जमीन पर खतरा:** यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह बहुमूल्य शासकीय भूमि पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में आ सकती है. इससे न सिर्फ सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान होगा, बल्कि भविष्य में मेडिकल कॉलेज और आसपास के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे पर भी असर पड़ सकता है. अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जिला प्रशासन इस अवैध कब्जे पर कार्रवाई करेगा, या फिर भू-माफिया इसी तरह सरकारी जमीन पर कब्जा कर अपने मंसूबों में कामयाब होते रहेंगे. जिले की जनता प्रशासन की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है.

**प्रशासन की भूमिका पर सवाल**

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि एसडीएम और तहसीलदार को इस अवैध निर्माण की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. लोगों का कहना है कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण भू-माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और सरकारी संपत्ति खुलेआम हड़पी जा रही है.

## नपा के अमले ने जब्त की चार जल मोटर

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 18 दिसंबर.** अल्पवर्षा के चलते खाली रह गए जलस्त्रोतों में मौजूद पानी को शहर की प्यास बुझाने के लिए संरक्षित किया गया है. इसके बाद भी किसान पेयजल की चोरी करने से बाज नहीं आ रहे. शुक्रवार को नपा के अमले ने कलेक्टर के आदेश पर कार्रवाई करते हुए भगवानपुरा तालाब से किसानों की चार मोटर जब्त की.

इस साल मानसून के दगा दे जाने के कारण शहर की प्यास बुझाने वाले भगवानपुरा और जमोनिया तालाब खाली रह गए हैं. आगामी गर्मी के दिनों में शहर में जलसंकट निर्मित न हो इसके लिए इन तालाबों व पार्वती नदी के काहिरी बंधान में उपलब्ध पानी को सिंचाई व अन्य कार्यों के लिए उपयोग किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है. कलेक्टर द्वारा पानी चोरी रोकने के लिए सख्त हिदायत दी गई है तो पानी चोरों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. इसके बाद भी किसान पेयजल के लिए सुरक्षित पानी की चोरी करने से बाज नहीं आ रहे.



## संबल योजना बन रही अनाथ बच्चों का सहारा

**पिता की मृत्यु के बाद वृद्ध दादा-दादी ही आधार**

**गौरिहार,19 दिसंबर. जनपद पंचायत गौरिहार की ग्राम पंचायत टिकरी में श्रमिक ओमप्रकाश अहिरवार की मृत्यु के बाद अनाथ हो चुके उसके बच्चों को संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह राशि प्रदान की गई है.**

इस सहायता से बच्चों के पालन-पोषण में आर्थिक संबल मिलेगा. हाल ही में जनपद पंचायत सीईओ दीपा कोटस्थाने द्वारा ओमप्रकाश की सबसे बड़ी 13 वर्षीय पुत्री रजनी को संबल योजना की अनुग्रह राशि का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया. जानकारी के अनुसार श्रमिक ओमप्रकाश अहिरवार की मृत्यु वर्ष 2020 में हो गई थी. इसके बाद परिवार को संबल योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई, लेकिन कुछ दस्तावेजों में नाम गैर-मौजूद दर्ज होने के कारण योजना का लाभ मिलने में देरी हुई. रोजगार सहायक सुरेंद्र अहिरवार ने बताया कि प्रकरण को लेकर एसडीएम न्यायालय में अपील की गई, जहां तकनीकी खामियों को दूर करने में समय लगा. प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब परिवार को योजना का लाभ मिल सका है. पिता की मृत्यु के बाद वर्ष 2021 में बच्चों की मां भी उन्हें छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई. इसके बाद से चारों बच्चों का पालन-पोषण उनके वृद्ध दादा-दादी द्वारा कठिन परिस्थितियों में किया जा रहा है. आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था. जनपद सीईओ दीपा कोटस्थाने ने बताया कि संबल योजना के तहत मिली 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि अनाथ बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण में सहायक सिद्ध होगी. उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता पहुंचाना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी उनका जीवन बेहतर बनाया जा सके.

## मिसमैच मतदाताओं को जारी होंगे नोटिस

**सीहोर 19 दिसंबर.** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गुरुवार रात 12 बजे मैपिंग और डिजिटलाइजेशन की स्थिति साफ हो गई. करीब डेढ़ माह की कवायद के बाद जिले में 43 हजार 431 वोटर नहीं मिले. इनमें से अधिकांश जिले से या तो पलायन कर चुके हैं या उनकी मौत हो गई है. कुछ वोटर ऐसे भी हैं, जिनके नाम अन्य जिलों की मतदाता सूची में थे, लेकिन उन्होंने यहां से अपना नाम नहीं कटवाया.

वहीं 11 हजार 274 वोटर की 2003 की मतदाता सूची से मेपिंग नहीं हो पाई. उनके नाम तो मौजूद हैं, लेकिन मौजूदा सूची से वे मिसमैच हो रहे हैं. अब इन मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे. इन्हें अपनी पहचान साबित करना होगी. सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर को होने के साथ ही आगे की प्रक्रिया होगी.

## गांव में नालियां चौक, सड़क पर भरा गंदा पानी

**चंदला,19 दिसंबर. विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरबई सहित आसपास के दर्जनों गांवों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है.**



सरबई, महोईखुर्द, खडेहा, पचबरा, खामिनखेड़ा, धावा, सिंहपुर, सढ़वाकोल, टेढ़ीकबरी, सिंगारपुर, कंदैला, हाजीपुर, मिश्रनपुरवा, बछेड़ाखेरा, चुकेहटा, बसराही, दादूताल, महुआकछार, अजीतपुर, मालपुर, बहादुरपुर सहित अनेक गांवों में नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी हैं. नालियों की सफाई न होने के कारण गंदे पानी की निकासी बंद है, जिससे सड़कों पर जलभराव और कीचड़ की गंभीर स्थिति बनी हुई है.

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं की गई. कचरा, मिट्टी और पॉलिथीन जमा होने से नालियां जाम हो गई हैं, जिसके चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है. कई मोहल्लों में घरों के सामने पानी भरा रहता है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है. सरबई ग्राम पंचायत के नांद रोड, गौरिहार रोड, नीबीखेड़ा रोड और हरिजन बस्ती की सड़कों पर लगातार पानी भरा रहता है. कीचड़ और फिसलन के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है. बुजुर्गों के फिसलकर गिरने और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है. ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. सफाई कर्मचारियों की अनियमितता के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं. ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल नालियों की सफाई कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि स्थिति और गंभीर न हो.

**धार्मिक** | **सिंधी कालोनी में जारी भागवत कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रोता**

# संसार पर नहीं सर्वेश्वर पर कर दो सब कुछ अर्पित

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 19 दिसंबर.** सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में शुक्रवार को भगवान श्री कृष्णा और माता रुक्मणी का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी और शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल के वरिष्ठ संरक्षक अखिलेश राय भी पहुंचे उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता का पूजन किया और कथा वाचक सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया का सम्मान किया.



श्रद्धालु महिलाओं ने माता रुक्मणी को दुल्हन की तरह सजाया तो वही ठाकुर जी भगवान श्री कृष्णा भी दूल्हे के रूप में दिखाई दिए. रुक्मणी विवाह में भजन कीर्तन नहीं हुआ श्रद्धालु महिलाएं भाव विभोर होकर नाचती गाती दिखाई दीं. सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने ठाकुर जी की रासलीला और गोपियों के प्रसंग को बहुत ही सुंदर भाषा में प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि गोपी रूपी आत्माएं ठाकुर जी की रासलीला में सम्मिलित होकर अपने सर्वश्रेश्वर पर सब कुछ अर्पण कर देती हैं. भगवान को पाना है तो अपना सर्वस्व सर्वेश्वर पर अर्पित कर दो.

## स्टेडियम में मारपीट का वीडियो वायरल सिविल लाइन पुलिस ने की कार्रवाई

**छतरपुर, 19 दिसंबर.** बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में युवक के साथ मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है. यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां कुछ युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का दृश्य वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही सिविल लाइन पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की घटनाएं कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती हैं और इन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इस पूरे मामले की जानकारी सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने 19 दिसंबर को दोपहर करीब 2 बजे मीडिया को दी. उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा वीडियो की सत्यता की जांच की गई है और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है.